प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में सर्वदलीय बैठक आयोजित– स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी बनाने का प्रस्ताव पारित।
- शिमला के बाद मंडी में भी अवैध मस्जिद निर्माण के खिलाफ प्रदर्शनकारियों पर हल्का बल प्रयोग– सांसद अनुराग ठाकुर ने पुलिस कार्रवाई को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–प्राकृतिक खेती में हिमाचल अन्य राज्यों का कर रहा मार्गदर्शन।
- प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा का क्रम जारी–मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी मौसम के इसी तरह बने रहने की जताई संभावना।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला सचिवालय में आज एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस, भाजपा, सी.पी.आई.एम., सी.पी.आई. और आम आदमी पार्टी सहित अन्य पार्टियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। संजौली मस्जिद विवाद के मद्देनज़र बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने और स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इसके लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया जाएगा और ये समिति प्रदेश में बाहर से आने वाले लोगों के लिए स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाहर से आने वाले व्यक्तियों की वेरिफिकेशन भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में कानून के दायरे में सभी को अपना काम धंधा करने और रहने की अनुमति है। उन्होंने कहा कि एक लड़ाई से संजौली का विवाद उपजा और राजनीतिक लाभ लेने के लिए नेताओं ने इसे हवा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। वहीं भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सौहार्दपूर्ण माहौल और भाईचारे को बनाए रखने के लिए भाजपा सरकार के साथ है, लेकिन अगर मस्जिद अवैध है तो सरकार को इसमें तुरंत कार्रवाई अमल में लानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अब मस्जिद कमेटी ने भी अवैध हिस्से को सीज़ करने या गिराने के लिए हामी भरी है। ऐसे में सरकार कानूनी सलाह लेकर जल्द निर्णय ले। उन्होंने इस मामले में भाजपा पर फंड देने के बेबुनियाद आरोप लगाने को गलत करार देते हुए सरकार से इस मामले में दोषारोपण के बजाए कार्रवाई करने का आग्रह किया। दूसरी ओर सी.पी.आई.एम नेता राकेश सिंघा ने भी कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश में शांति और भाईचारा कायम करने के लिए सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि विवाद को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। सिंघा ने कहा कि इस तरह के माहौल से प्रदेश की छवि व आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ेगा।

मंडी विवाद

शिमला के बाद मस्जिद विवाद को लेकर हिंदू संगठनों ने मंडी शहर में भी धरना प्रदर्शन कर शहर में रैली निकाली। वहीं सकोहडी पुल पर रानी खैर गढ़ी चौक पर धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। विवादित मस्जिद से करीब पचास मीटर की दूरी पर पुलिस द्वारा बैरिकेटस लगाकर उस ओर का यातायात अवरूद्ध कर दिया था। जिसके चलते प्रदर्शनकारी मस्जिद की ओर आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज मंडी में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही स्थानीय जनता पर सरकार की बल पूर्वक कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे कांग्रेस का तानाशाही रवैया लगातार जारी रहना बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तानाशाही मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रही है और संजौली के बाद अब मंडी में भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर बलपूर्वक कार्रवाई अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में आखिर जनता को विरोध करने से क्यों रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन इस तरह की घटनाएं और इससे उपजे हालात चिंता का विषय हैं और प्रदेश की शांति को बनाए रखने की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिप्रक्ष जयराम ठाकुर ने प्रवासियों के सत्यापन और पंजीकरण की व्यवस्था को बंद करने पर सवाल उठाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रक्रिया कानून

सम्मत है और पूरे देश में इस प्रक्रिया को अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विषय में सरकार के मंत्री द्वारा सदन में भी प्रश्न उठाया गया, लेकिन इसका जवाब न तो मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया और न ही प्रशासन दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को ये स्पष्ट करना चाहिए कि कानून सम्मत तरीके से हर व्यक्ति की पहचान करने की प्रक्रिया को बंद करने के पीछे सरकार की क्या मंशा थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि हर भारतीय को देश के किसी भी कोने में रहने और बिना रोक–टोक व्यवसाय करने का अधिकार है, लेकिन इसके लिए सबकुछ कानूनी तरीके से होना चाहिए। संजौली मस्जिद मामले को लेकर उन्होंने कहा कि जब मस्जिद सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनी है तो इसे सरकार द्वारा तुरंत सील कर अपने नियंत्रण में लेना चाहिए। साथ ही बाहर से आने वाले लोगों का सत्यापन और पंजीकरण भी किया जाना चाहिए।

विक्रमादित्य

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज मंडी जिला के जंजैहली में तीन दिवसीय सराज टेलेंट एंड टूरिजम फैस्टिवल चौलूथाच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सराज क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अलग नीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 2016 से शुरू हुए इस उत्सव का कोरोना व अन्य कारणों से पिछले कुछ सालों से आयोजन नहीं किया जा रहा था। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फिर से शुरू किए गए इस महोत्सव को सराज के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी आयोजित किया जाएगा ताकि पर्यटन की दृष्टि से अनछुए क्षेत्रों को पर्यटन मानचित्र पर लाया जा सके।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि प्राकृतिक खेती में हिमाचल प्रदेश अन्य राज्यों का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने ये बात आज डॉक्टर यशवंत सिंह परमार बागवानी व औद्यानिकी विश्वविद्यालय सोलन में प्राकृतिक खेती के तहत सतत खाद्य प्रणालियों को सक्षम बनाने के विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। राज्यपाल ने देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि नीति आयोग ने देश में प्राकृतिक खेती के क्रियान्वयन के लिए हिमाचल के मॉडल पर आधारित राष्ट्रीय मिशन की शुरूआत की है। उन्होंने हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में आचार्य देवव्रत की भूमिका की भी सराहना की।

आशीष बुटेल

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने कहा है कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र का समग्र और सुनियोजित विकास उनकी प्राथमिकता है। पालमपुर नगर निगम की बैठक में आज उन्होंने पार्षदों से निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया है। बुटेल ने कहा कि वार्डों में डार्क स्पॉट की पहचान कर विद्युत संचालित स्ट्रीट लाईट लगाई जाएंगी, साथ ही दो जलाशयों का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में शहीद स्मृति स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

टंडन

भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा है कि देश में वर्ष 2030 तक इलैक्ट्रॉनिक क्षेत्र के कारोबार को पांच सौ अरब डॉलर तक पहुंचाया जाएगा और 60 लाख युवाओं को इस क्षेत्र से रोजगार मिलेगा। ये जानकारी उन्होंने आज नालागढ़ में भाजपा नालागढ़ मंडल की सदस्यता अभियान कार्यशाला को संबोधित करते हुए दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हर व्यक्ति कम से कम सौ नए सदस्यों को पार्टी से जोड़े और अपने परिवार के सदस्यों को भी मिस्ड कॉल देकर भाजपा की सदस्यता दिलाएं। पूर्व विधायक लखविंदर राणा, के. एल. ठाकुर, भाजपा प्रदेश सचिव मनीष चौहान सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश स्थानों पर आज दिन भर वर्षा जबकि जनजातीय जिला किन्नौर के ऊपरी क्षेत्रों में बीती रात से हल्की बर्फबारी का क्रम जारी है। मौसम के इन तेवरों से राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुल्लू, शिमला, किन्नौर और सिरमौर जिलों में बाढ़ आने की चेतावनी जारी की है। इसे देखते हुए लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। राज्य में आगामी 18 सितंबर तक मौसम के खराब रहने की संभावना हैं।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि महाविद्यालय स्तर की शिक्षा युवाओं को भविष्य का परिपक्व नागरिक बनाती है। ये बात उन्होंने आज राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की में आयोजित वार्षिक समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपना लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित करें और लक्ष्य प्राप्ती के लिए समर्पण व परिश्रम को अपना साथी बनाए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का भी आह्वान भी किया। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर महाविद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया।

<u>बिंदल</u>

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने संजौली मस्जिद मामले में प्रदेश सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि मस्जिद का ढांचा अवैध है और इसको हटाया जाना चाहिए, साथ ही बाहर से आने वाले लोगों ने प्रदेश की डैमोग्राफी को बदल दिया है। वहीं विधानसभा के बाहर आकर सरकार के बयान बदल गए। बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता ये जानना चाहती है कि सरकार कौन से दबाव के कारण विधानसभा के अंदर और बाहर अपने बयान बदल रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक शांतिप्रिय प्रदेश है और भविष्य में भी यहां शांति कायम रहे इसके लिए सरकार को उचित कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

<u>कर्मचारी महासंघ</u>

विधानसभा सत्र से पहले डी.ए और एरियर की मांग को लेकर मोर्चा खोलने वाले सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने एक बार फिर 17 सितंबर को गेट मीटिंग का ऐलान किया है। सत्र के दौरान कर्मचारी नेताओं के खिलाफ लाए गए प्रिवलिज मोशन से नाराजगी जताते हुए महासंघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों के खिलाफ इतिहास में पहली बार किसी मंत्री द्वारा प्रिवलिज मोशन लाया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी प्रिवलिज मोशन से डरने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि वार्ता का रास्ता खुला है और यदि सरकार उन्हें बातचीत के लिए बुलाती है तो वे उसके लिए तैयार है। संजीव शर्मा ने कहा कि 17 सितंबर को गेट मीटिंग के बाद आगामी रणनीति तय की जाएगी।

<u>पठानिया</u>

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के लिए कई कड़े फैसले लिए हैं जिससे प्रदेश की जनता लाभान्वित हुई है। चंबा में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल आज देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है जिसमें चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट कानून लागू किया गया है जिसके तहत अनाथ बच्चों को पीएचडी तक मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे है और अब हर विधानसभा क्षेत्र में एक कलस्टर स्कूल होगा जिसमें बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में सर्वदलीय बैठक आयोजित– स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी बनाने का प्रस्ताव पारित।
- शिमला के बाद मंडी में भी अवैध मस्जिद निर्माण के खिलाफ प्रदर्शनकारियों पर हल्का बल प्रयोग– सांसद अनुराग ठाकुर ने पुलिस कार्रवाई को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–प्राकृतिक खेती में हिमाचल अन्य राज्यों का कर रहा मार्गदर्शन।
- प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा का क्रम जारी–मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी मौसम के इसी तरह बने रहने की जताई संभावना।